वित्त लेखे (खण्ड I)

वर्ष 2015-16 के लिए

बिहार सरकार

विषय सूची

विषय		पृष्ठ
खण्ड I		
■	भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का प्रमाण पत्र	iii -v
■	वित्त लेखे की निर्देशिका	vii - xii
विवरण 1	वित्तीय स्थिति का विवरण	2-3
विवरण 2	प्राप्तियों एवं संवितरणों का विवरण	4-6
	अनुबंध क – रोकड़ शेषों और रोकड़ शेषों का निवेश	7
विवरण 3	प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)	8-10
विवरण 4	व्यय का विवरण (समेकित निधि)	11-15
विवरण 5	प्रगामी पूँजीगत व्यय का विवरण	16-20
विवरण 6	उधार तथा अन्य दायित्वों का विवरण	21-22
विवरण 7	सरकार द्वारा दिए गए ऋण तथा अग्रिमों का विवरण	23-24
विवरण 8	सरकार के निवेशों का विवरण	25
विवरण 9	सरकार द्वारा दी गयी गारंटियों का विवरण	26
विवरण 10	सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदान का विवरण	27-28
विवरण 11	दत्तमत तथा प्रभारित व्यय का विवरण	29
विवरण 12	राजस्व लेखे से भिन्न व्यय के लिए निधियों के स्रोतों तथा अनुप्रयोग का विवरण	30-32
विवरण 13	समेकित निधि, आकस्मिकता निधि तथा लोक लेखा के अंतर्गत शेषों का सार	33-34
■	लेखे पर टिप्पणियाँ	35-63
खण्ड II		
भाग I विस्तृत विवरणी		
विवरण 14	लघु शीर्षवार राजस्व एवं पूँजीगत प्राप्तियों का विस्तृत विवरण	66-101
विवरण 15	लघु शीर्षवार राजस्व व्यय का विस्तृत विवरण	102-153
विवरण 16	लघु शीर्षवार तथा उप शीर्षवार पूँजीगत व्यय का विस्तृत विवरण	154-253
विवरण 17	उधार तथा अन्य दायित्वों का विस्तृत विवरण	254-267
विवरण 18	सरकार द्वारा दिए गए ऋण तथा अग्रिमों का विस्तृत विवरण	268-308
विवरण 19	सरकार के निवेशों का विस्तृत विवरण	309-333
विवरण 20	सरकार द्वारा दी गयी गारंटियों का विस्तृत विवरण	334-342
विवरण 21	आकस्मिकता निधि एवं लोक लेखा के संव्यवहारों का विस्तृत विवरण	343-353
विवरण 22	उद्दिष्ट शेषों के निवेशों का विस्तृत विवरण	354-357

विषय सूची

विषय		पृष्ठ
भाग II परिशिष्ट		
परिशिष्ट I	वेतन पर तुलनात्मक व्यय	360-368
परिशिष्ट II	सब्सिडी पर तुलनात्मक व्यय	369-376
परिशिष्ट III	राज्य सरकार द्वारा दिए गए सहायक अनुदान/सहायता (संस्थावार तथा योजनावार)	377-414
परिशिष्ट IV	बाह्य संपोषित परियोजनाएँ का ब्यौरा	415-418
परिशिष्ट V	योजनागत योजना व्यय	
	क. केन्द्रीय योजनाएं (केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं तथा केन्द्रीय योजनागत योजनाएं)	419-421
	ख. राज्य योजनागत योजनाएं	422-447
परिशिष्ट VI	केन्द्रीय योजना निधि का राज्य में क्रियान्वित करने वाले अभिकरणों को सीधे स्थानान्तरण (राज्य बजट से बाहर निधियों का परिचालन) (अअंकेक्षित आंकड़े)	448-461
परिशिष्ट VII	शेषों की स्वीकार्यता तथा मिलान (जैसा कि विवरण 18 एवं 21 में दर्शाया गया है)	462-464
परिशिष्ट VIII	सिंचाई निर्माण कार्यो के वित्तीय परिणाम	465-466
परिशिष्ट IX	सरकार की प्रतिबद्धता–अपूर्ण पूँजीगत कार्यों की सूची	467-493
परिशिष्ट X	वेतन तथा गैर–वेतन हिस्से के अलगाव के साथ अनुरक्षण व्यय	494-497
परिशिष्ट XI	बजट में प्रस्तावित नई योजनाओं पर वर्ष के दौरान सरकार के मुख्य नीतिगत निर्णय	498-499
परिशिष्ट XII	सरकार की प्रतिबद्ध देयताएं	500-502
परिशिष्ट XIII	राज्य का पुनर्गठन– मदें जिसके शेषों का विभाजन राज्यों के बीच अंतिम रूप से नहीं हुआ है	503-507

भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का प्रमाण पत्र

इस संकलन में 31 मार्च 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए बिहार सरकार के वित्त लेखे शामिल हैं जो वर्ष के लिए सरकार की प्राप्तियों एवं संवितरणों के लेखाओं महित वित्तीय स्थिति को प्रस्तुत करते हैं। इन लेखाओं को दो खंडों में प्रस्तुत किया जाता है, खंड I में राज्य के वित्त की समेकित स्थिति शामिल है और खंड II लेखाओं को विस्तृत रूप में दर्शाते हैं । अनुदानों और प्रभारित विनियोगों के लिए वर्ष के लिए सरकार के विनियोग लेखाओं को पृथक संकलन में प्रस्तुत किया जाता है ।

वित्त लेखाओं को नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के (कर्त्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की आवश्यकताओं के अनुसार हमारे पर्यवेक्षण के अन्तर्गत तैयार किया गया है और उन्हें बिहार सरकार के नियंत्रण के अन्तर्गत ऐसे लेखाओं के कार्यचालन को रखने वाले उत्तरदायी खजानों, कार्यालयों और विभागों द्वारा प्रस्तुत वाउचरों, चालानों एवं प्रारंभिक तथा सहायक लेखाओं और भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त हुए विवरणों से संकलित किया गया है। इस संकलन में विवरणियों 8, 9, 10, 15 (अनुबंध–1), 17(ख), 17(ग), 19 और 20 और परिशिष्ट II, III, IV, IX, XI और XII को बिहार सरकार / निगमों / कम्पनियों / सोसाईटियों जो ऐसी सूचना की परिशुद्धता को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है, से प्राप्त हुई सूचना से सीधे तैयार किया गया है।

बिहार सरकार के नियंत्रणाधीन कार्यरत कोषागार, कार्यालय और / अथवा विभाग प्रारम्भिक एवं सहायक लेखाओं की तैयारी और परिशुद्धता के साथ–साथ ऐसे लेखाओं तथा संव्यवहारों से संबंधित लागू विधियों, मानकों, नियमों एवं विनियमों के अनुसार संव्यवहारों की नियमितता को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं । मैं वार्षिक लेखाओं को तैयार करने और उन्हें राज्य विधानमंडल को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी हूँ । लेखाओं के लिए मेरे उत्तरदायित्व का निर्वहन महालेखाकार (ले० एवं हक०) के कार्यालय के माध्यम से किया जाता है । इन लेखाओं की लेखापरीक्षा, इन लेखाओं पर उस लेखापरीक्षा के परिणामों के आधार पर अपना मत व्यक्त करने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 एवं 151 तथा भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के (कर्त्तव्य, शक्तियाँ तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की अपेक्षाओं के अनुसार स्वतंत्र रूप से महालेखाकार (लेखापरीक्षा) के कार्यालय के माध्यम से की जाती है । ये कार्यालय निश्चित संवर्गों, पृथक रिपोर्ट देने वाली प्रणालियों एवं प्रबंध संरचना के साथ एक स्वतंत्र संगठन है ।

लेखापरीक्षा सामान्यतः भारत में स्वीकृत लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार की गई थी । इन मानकों द्वारा यह अपेक्षा की जाती है कि हम योजना बनाएं और यथोचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा का निष्पादन करें कि लेखे तात्विक अयथार्थ कथन से मुक्त हैं । लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों एवं प्रकटनों से सुसंगत साक्ष्य के नमूना आधार पर जाँच को शामिल किया जाता है ।

मेरे अधिकारियों द्वारा प्राप्त अपेक्षित सूचना और स्पष्टीकरणों के आधार पर तथा लेखाओं की नमूना लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप, अपनी पूर्ण जानकारी के अनुसार और दिये गये स्पष्टीकरण पर विचार करते हुए मैं अपने पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार प्रमाणित करता हूँ कि व्याख्यात्मक "लेखाओं के लिए टिप्पणियों" के साथ पठित वित्त लेखे 2015-16 वर्ष के लिए बिहार सरकार की प्राप्तियों एवं संवितरणों का सही और स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करते हैं ।

वर्ष अथवा पूर्व वर्षों के दौरान इन लेखाओं के अध्ययन के साथ-साथ की गई नमूना लेखापरीक्षा से उद्भूत ध्यान देने योग्य मुद्दे 31 मार्च 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए पृथक रूप से प्रस्तुत की जाने वाली बिहार सरकार पर हमारे पतिवेदनों में शामिल हैं ।

दिनांकः 28 नवम्बर 2016

स्थान : नई दिल्ली

(शशि कान्त शर्मा)

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक

वित्त लेखे की निर्देशिका

क. सरकारी लेखे के संरचना का वृहद् सार

1. बिहार सरकार के वित्त लेखे सरकार के वर्ष के लिए प्राप्तियों तथा व्ययों के लेखे के साथ-साथ राजस्व एवं पूँजीगत लेखाओं के वित्तीय परिणामों, लेखे में दर्ज शेषों के आधार पर परिकलित राज्य सरकार के लोक-ऋण एवं देयताओं तथा परिसम्पत्तियों को प्रदर्शित करता है ।

2. सरकार के लेखे तीन भागों में रखे जाते हैं :

भाग I : समेकित निधि : इस निधि में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त किए गए कुल राजस्व, राज्य सरकार द्वारा लिए गए सभी ऋण (बाजार ऋण, बन्धपत्र, केन्द्र सरकार से कर्ज, वित्तीय संस्थानों से ऋण, राष्ट्रीय लघु बचत निधि को जारी किए गए विशेष प्रतिभूतियाँ आदि), भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विस्तारित किए गए अर्थोपाय अग्रिम तथा ऋणों के अदायगी हेतु सरकार द्वारा प्राप्त किए गए कुल राशि सम्मिलित है । इस निधि से राशि का विनियोग नहीं किया जा सकता है सिवाय विधि द्वारा स्थापित एवं भारत के संविधान द्वारा विनिर्दिष्ट प्रयोजनों तथा प्रदत्त रीतियों के अनुरूप हो । निश्चित श्रेणियों के व्यय (यथा, संवैधानिक प्राधिकरणों के वेतन, ऋण अदायगियाँ आदि) राज्य के समेकित निधि (भारित व्यय) पर भारित होते हैं तथा उनके लिए विधानमंडल के मत की आवश्यकता नहीं है । अन्य सभी व्यय (दत्तमत व्यय) विधानमंडल द्वारा मतदेय होते हैं ।

समेकित निधि के दो भाग होते हैं : राजस्व एवं पूँजी (लोक ऋण, कर्ज तथा अग्रिम सहित) । इन्हें पुनः 'प्राप्तियाँ' तथा 'व्यय' के अंतर्गत बाँटा गया है । राजस्व प्राप्तियाँ अनुभाग को तीन खण्डों, यथा-'कर राजस्व', 'करेतर राजस्व' तथा 'सहायता अनुदान तथा अंशदान' में बाँटा गया है । इन तीन खण्डों को पुनः उप-खण्डों, जैसे-'आय तथा व्यय पर कर', 'राजकोषीय सेवायें' आदि में बाँटा गया है । पूँजी प्राप्तियाँ अनुभाग में खण्ड या उप-खण्ड नहीं होता है । राजस्व व्यय अनुभाग को चार खण्डों, यथा-'सामान्य सेवायें', 'सामाजिक सेवायें', 'आर्थिक सेवायें' तथा 'सहायता अनुदान तथा अंशदान' में बाँटा गया है । राजस्व व्यय के इन खण्डों को पुनः उप-खण्डों, जैसे- 'राज्य के अंग', 'शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति' आदि में बाँटा गया है । पूँजीगत व्यय अनुभाग को सात खण्डों, यथा-'सामान्य सेवायें', 'सामाजिक सेवायें', 'आर्थिक सेवायें', 'लोक-ऋण', 'ऋण तथा अग्रिम', 'अन्तर्राज्यीय परिशोधन' तथा 'आकस्मिकता निधि में अंतरण' में उपविभाजित किया गया है ।

भाग II : आकस्मिकता निधि : यह निधि एक अग्रदाय के रूप में होती है जिसे विधायिका विधि द्वारा स्थापित करती है एवं जो अप्रत्याशित व्यय जिसका अनुमोदन राज्य विधानमंडल द्वारा लंबित होता है, के वहन के लिए अग्रिम प्रदान करने हेतु राज्यपाल के अधीन होता है । निधि की प्रतिपूर्ति राज्य के समेकित निधि से संबंधित कार्यकारी मुख्य शीर्ष में व्यय को नामे डालकर की जाती है । वर्ष 2015-16 के लिए बिहार सरकार की आकस्मिकता निधि ₹ 350 करोड़ है।

भाग III : लोक लेखा : सरकार या सरकार की ओर से प्राप्त किए गए अन्य सभी लोक धन, जहाँ सरकार एक बैंकर या न्यासी के रूप में कार्य करती है, लोक लेखा में जमा किए जाते हैं । लोक लेखा में पुनर्भुगतान योग्य जैसे-अल्प बचत तथा भविष्य निधि, जमा (ब्याज सहित एवं ब्याज रहित), अग्रिम, आरक्षित निधि (ब्याज सहित एवं ब्याज रहित), प्रेषण तथा उचंत शीर्ष (जिनमें दोनों अंतिम लेखांकन के लंबित रहने तक पारगमन शीर्ष हैं) सम्मिलित हैं । राज्य सरकार के साथ उपलब्ध निवल रोकड़ शेष को भी लोक लेखा के अंतर्गत सम्मिलित किया जाता है । लोक लेखा में छः खण्ड शामिल हैं, यथा-'लघु बचत', 'भविष्य निधि आदि', 'आरक्षित निधि', 'जमा तथा अग्रिम', 'उचंत तथा विविध', 'प्रेषण' तथा 'रोकड़ शेष' । इन खण्डों को पुनः उप-खण्डों में उपविभाजित किया गया है । लोक लेखा विधायिका के मत के अधीन नहीं है ।

3. सरकारी लेखे एक छः स्तरीय वर्गीकरण के अधीन दर्शाए जाते हैं; यथा–मुख्य शीर्ष (चार अंक), उप मुख्य शीर्ष (दो अंक), लघु शीर्ष (तीन अंक), उप शीर्ष (चार प्रकृति), विस्तृत शीर्ष (दो) तथा विषय शीर्ष (दो) । मुख्यशीर्ष सरकार के कार्यों को, उप–मुख्य शीर्ष उप–कार्यों को, लघु शीर्ष कार्यक्रमों/क्रियाकलापों को, उप शीर्ष योजनाओं को, विस्तृत शीर्ष उप योजनाओं को तथा विषय शीर्ष व्यय के उद्देश्य/विषय को दर्शाते हैं ।

4. लेखे में वर्गीकरण की मुख्य इकाई मुख्य शीर्ष है जिसमें निम्नलिखित कोडिंग पद्धति सम्मिलित है (31 मार्च 2016 तक संशोधित मुख्य एवं लघु शीर्ष की सूची के अनुसार)–

0020 से 1606	–	राजस्व प्राप्तियाँ
2011 से 3606	–	राजस्व व्यय
4000	–	पूँजीगत प्राप्तियाँ
4046 से 7810	–	पूँजीगत व्यय (लोक–ऋण, कर्ज तथा अग्रिम सहित)
7999	–	आकस्मिकता निधि में विनियोजन
8000	–	आकस्मिकता निधि
8001–8999	–	लोक लेखा

5. वित्त लेखे, सामान्यतः (कुछ अपवादों को छोड़कर) लघु शीर्ष तक के संव्यवहारों का उल्लेख करता है । वित्त लेखे में आँकड़ों को निवल स्तर पर दर्शाया जाता है अर्थात, वसूलियों के लिए व्यय में कटौती के रूप में लेखांकन के बाद । यह प्रक्रिया विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत अनुदानों के लिए मांग में तथा विनियोग लेखे में वर्णन से भिन्न है, जहाँ व्यय को सकल रूप में दर्शाया जाता है ।

6. लेखे की संरचना का एक चित्रात्मक प्रस्तुतीकरण नीचे दिया गया है :



ख. वित्त लेखे में क्या सन्निहित होते हैं

वित्त लेखे दो खण्डों में प्रस्तुत किए जाते हैं ।

खण्ड I में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रमाण–पत्र, वित्त लेखे की निर्देशिका, 13 विवरणियाँ जो चालू वित्तीय वर्ष के लिए राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति एवं संव्यवहारों की सारांशीकृत सूचना प्रदान करते है, लेखे पर टिप्पणियाँ तथा लेखे पर टिप्पणियों का एक परिशिष्ट सन्निहित होता है । **खण्ड I** में 13 विवरणियों के ब्योरे नीचे दिए गए है :

1. **वित्तीय स्थिति का विवरण** : यह विवरणी वर्ष के अंत में राज्य सरकार की परिसंपत्तियों एवं दायित्वों के संचयी आँकड़ों की स्थिति तथा गत वर्ष की समाप्ति पर उनकी स्थिति से तुलित करते हुए दर्शाता है ।
2. **प्राप्तियों एवं संवितरणों का विवरण** : यह विवरणी राज्य सरकार के चालु वर्ष में सरकारी लेखे के तीन भागों, यथा– समेकित निधि, आकस्मिकता निधि एवं लोक लेखा में कुल प्राप्तियों तथा संवितरणों को दर्शाता है । इसके अतिरिक्त, इसमें सरकार के रोकड़ शेष (निवेश सहित) के वैकल्पिक वर्णन को दर्शाते हुए एक अनुसूचि शामिल होता है । परिशिष्ट सरकार के अर्थोपाय अग्रिम को स्थिति का भी विस्तृत रूप में उल्लेख करता है ।
3. **प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)** : इस विवरणी में राज्य सरकार के राजस्व एवं पूँजीगत प्राप्तियाँ (विनिवेश, उधार और राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण तथा अग्रिमों की वसूलियाँ सहित) सम्मिलित होता है । यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड II में विस्तृत विवरणियाँ 14, 17 तथा 18 के अनुरूप होता है ।
4. **व्यय का विवरण (समेकित निधि)** : वित्त लेखे में लघु शीर्ष स्तर के सामान्य वर्णन से इतर, यह विवरणी व्यय की व्यवहारिक प्रवृत्ति (व्यय के उद्देश्यों) का भी सविस्तार वर्णन प्रदान करता है । यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड II में विस्तृत विवरणी 15, 16, 17 तथा 18 के अनुरूप होता है ।
5. **प्रगामी पूँजीगत व्यय का विवरण** : यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड II में विस्तृत विवरण 16 के अनुरूप होता है ।
6. **उधार एवं अन्य दायित्वों का विवरण** : सरकार के उधार में उसके द्वारा लिए गए बाजार ऋण (आंतरिक ऋण) एवं भारत सरकार से प्राप्त कर्ज तथा अग्रिम सम्मिलित होते हैं । 'अन्य दायित्वों' में 'लघु बचत, भविष्य निधि आदि, 'आरक्षित निधि' तथा 'जमा' सम्मिलित होते हैं । इस विवरणी में ऋणशोधन कार्य संबंधी एक टिप्पणी होता है और यह वित्त लेखे के खण्ड II में विस्तृत विवरण 17 के अनुरूप होता है ।
7. **सरकार द्वारा दिए गए ऋण तथा अग्रिमों का विवरण** : यह विवरणी राज्य सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों के ऋणग्राहियों जैसे–सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, स्वायत्तशासी एवं अन्य निकायों/प्राधिकरणों तथा व्यक्तिगत प्राप्तकर्त्ताओं (सरकारी सेवक सहित) को दिए गए कुल ऋण तथा अग्रिमों को दर्शाता है । यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड II में विस्तृत विवरण 18 के अनुरूप होता है ।
8. **सरकार के निवेशों का विवरण** : यह विवरणी राज्य सरकार के सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, अन्य संयुक्त स्टॉक कंपनियों, सहकारी संस्थानों तथा स्थानीय निकायों के समता पूँजी में किए गए निवेश को दर्शाता है । यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड II में विस्तृत विवरण 19 के अनुरूप होता है ।
9. **सरकार द्वारा दी गयी गारंटियों का विवरण** : यह विवरणी सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, स्थानीय निकायों एवं अन्य संस्थानों द्वारा लिए गए कर्जों पर मूलधन तथा ब्याज के भुगतान हेतु राज्य सरकार द्वारा दिए गए गारंटियों का सारांश प्रस्तुत करता है । यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड II में विस्तृत विवरण 20 के अनुरूप होता है ।

10. **सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदान का विवरण :** यह विवरणी राज्य सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों के अनुदानग्राहियों जैसे- सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, स्वायत्तशासी एवं अन्य निकायों/प्राधिकरणों तथा व्यक्ति विशेष को दिए गए कुल सहायता अनुदानों को दर्शाता है । परिशिष्ट II प्राप्तकर्त्ता संस्थानों का विस्तृत विवरण प्रदान करता है ।

11. **दत्तमत एवं प्रभारित व्यय का विवरण :** यह विवरणी वित्त लेखे में प्रदर्शित निवल आँकड़ों को विनियोग लेखे में प्रदर्शित सकल आँकड़ों के साथ अनुरूपता दर्शाने में सहायता करता है ।

12. **राजस्व लेखे से भिन्न व्यय के लिए निधियों के स्रोतों तथा अनुप्रयोग का विवरण:** यह विवरणी इस सिद्धांत पर आधारित है कि राजस्व व्यय की प्रतिपूर्ति राजस्व प्राप्तियों से होना चाहिए जबकि पूँजीगत व्यय को राजस्व आधिक्य, लोक लेखा में निवल जमा शेष, वर्ष के आदि रोकड़ शेष तथा उधारों से पूरित होना चाहिए ।

13. **समेकित निधि, आकस्मिकता निधि तथा लोक लेखा के अंतर्गत शेषों का सार :** यह विवरणी लेखे की शुद्धता को प्रमाणित करने में सहायता करता है । यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड II में विस्तृत विवरणी 14, 15, 16, 17, 18 तथा 21 के अनुरूप होता है ।

वित्त लेखे के खण्ड II में दो भाग होते हैं- भाग- I में नौ विस्तृत विवरणियाँ तथा भाग II में 13 परिशिष्टें ।

खण्ड II का भाग I

14. **लघु शीर्षवार राजस्व एवं पूँजीगत प्राप्तियों का विस्तृत विवरण :** यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड I में संक्षिप्त विवरणी 3 के अनुरूप होता है ।

15. **लघु शीर्षवार राजस्व व्यय का विस्तृत विवरण :** यह विवरणी, जो वित्त लेखे के खण्ड I में संक्षिप्त विवरणी 4 के अनुरूप होता है, राज्य सरकार के योजना (राज्य योजना, राज्य योजना को केन्द्रीय सहायता, केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना तथा केन्द्रीय योजना)एवं गैर-योजना के अधीन हुए राजस्व व्यय को दर्शाता है । प्रभारित एवं दत्तमत व्यय अलग-अलग दर्शाए जाते हैं ।

16. **लघु शीर्षवार तथा उप शीर्षवार पूँजीगत व्यय का विस्तृत विवरण :** यह विवरणी, जो वित्त लेखे के खण्ड I में संक्षिप्त विवरण 5 के अनुरूप होता है, राज्य सरकार के योजना (राज्य योजना, राज्य योजना को केन्द्रीय सहायता, केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना तथा केन्द्रीय योजना) एवं गैर-योजना के अधीन हुए पूँजीगत व्यय (वर्ष के दौरान तथा संचयी रूप से) को दर्शाता है । पूँजीगत व्यय को लघु शीर्ष के स्तर तक विस्तृत वर्णन करने के अतिरिक्त, यह विवरणी महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में उपशीर्ष के स्तर को भी दर्शाता है ।

17. **उधार एवं अन्य दायित्वों का विस्तृत विवरण :** यह विवरणी, जो वित्त लेखे के खण्ड I में संक्षिप्त विवरण 6 के अनुरूप होता है, राज्य सरकार द्वारा लिए गए कुल ऋण (बाजार ऋण, बन्ध पत्र, केन्द्र सरकार से कर्ज, वित्तीय संस्थानों से कर्ज, राष्ट्रीय लघु बचत निधि को निर्गत विशेष प्रतिभूतियाँ आदि) तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विस्तारित अर्थोपाय अग्रिम के विस्तृत वर्णन को सम्मिलित करता है । यह विवरणी ऋण संबंधी सूचना को तीन श्रेणियों : (क) प्रत्येक ऋण का विस्तृत विवरण; (ख) परिपक्वता पार्श्वचित्र अर्थात प्रत्येक वर्ष में विभिन्न श्रेणी के ऋण के सापेक्ष भुगतेय राशि; तथा (ग) बकाए ऋण का ब्याज दर पार्श्वचित्र एवं अनुलग्नक बाजार ऋण को प्रदर्शित करता है ।

18. **सरकार द्वारा दिए गए ऋण तथा अग्रिमों का विस्तृत विवरण :** यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड I में संक्षिप्त विवरण 7 के अनुरूप होता है ।

19. **सरकार के निवेशों का विस्तृत विवरण** : यह विवरणी, विवरणी संख्या 16 तथा 19 के मध्य विसंगतियों, यदि कोई हो, का विवरण ईकाई वार तथा मुख्य एवं लघु शीर्ष वार प्रस्तुत करता है । यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड I में संक्षिप्त विवरण 8 के अनुरूप होता है ।

20. **सरकार द्वारा दी गयी गारंटियों का विस्तृत विवरण** : यह विवरणी सरकार द्वारा दिए गए गारंटियों का ईकाई वार विवरण प्रस्तुत करता है । यह विवरणी वित्त लेखे के खण्ड I में संक्षिप्त विवरण 9 के अनुरूप होता है ।

21. **आकस्मिकता निधि एवं अन्य लोक लेखा के संव्यवहारों का विस्तृत विवरण** : यह विवरणी लघु शीर्ष स्तर तक वर्ष के दौरान आकस्मिकता निधि में अप्रतिपूरित राशियों, लोक लेखे के संव्यवहारों की समेकित स्थिति तथा वर्ष के अंत में बकाए शेषों को विस्तृत रूप में दर्शाता है ।

22. **उद्दिष्ट निधियों के निवेशों का विस्तृत विवरण** : यह विवरणी आरक्षित निधि एवं जमा (लोक लेखा) से किए गए निवेशों को विस्तृत रूप में दर्शाता है ।

खण्ड II का भाग II

भाग II में 13 परिशिष्ट होते हैं जिसमें विभिन्न विषयों वेतन, सब्सिडी, सहायता अनुदान, बाह्य संपोषित परियोजनाएँ, मुख्य केन्द्रीय योजनाओं एवं राज्य योजनागत योजनाओं से संबंधित योजनावार व्यय आदि सम्मिलित होता है । लेखे में इनके ब्यौरे को उपशीर्ष स्तर या नीचे (अर्थात् लघु शीर्ष से नीचे) तक दर्शाया जाता है और प्राय: इन्हें वित्त लेखे में दर्शाए नहीं जाते हैं । परिशिष्टों की एक विस्तृत सूची खण्ड I या II में 'विषय सूची' पर दृष्टिगोचर होता है । परिशिष्टों सहित विवरणियों का पठन, राज्य सरकार के वित्तीय स्थिति का पूर्ण तस्वीर प्रदान करता है ।

ग. सहज तालिका

निम्न अनुभाग खण्ड I में दर्शाए गए संक्षिप्त विवरणियों को खण्ड II में विस्तृत विवरणियों तथा परिशिष्टों के साथ जोड़ता है । (उन परिशिष्टों को जिनका संक्षिप्त विवरणियों के साथ प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता है, नीचे नहीं दिखाए गए है) :

मानदण्ड	संक्षिप्त विवरण (खण्ड-I)	विस्तृत विवरण (खण्ड-II)	परिशिष्ट
राजस्व प्राप्तियाँ (अनुदान प्राप्ति सहित), पूँजीगत प्राप्तियाँ	2, 3	14	
राजस्व व्यय	2, 4	15	I (वेतन) II (सब्सिडी)
सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदान	2,10	---	III (सहायता अनुदान)
पूँजीगत व्यय	1, 2, 4, 5, 12	16	I (वेतन)
सरकार द्वारा दिये गए ऋण तथा अग्रिम	1, 2, 7	18	
ऋण की स्थिति/उधार	1, 2, 6	17	
सरकार द्वारा कम्पनियों एवं निगमो में निवेश आदि	8	19	
रोकड़	1, 2, 12, 13		
लोक लेखा शेष एवं तत्संबंधी निवेश	1, 2, 12, 13	21, 22	
गारंटियाँ	9	20	
योजनाएँ			IV (बाह्य संपोषित परियोजनाएँ) V (योजनागत योजना व्यय)

घ. आवर्ती समायोजन तथा पुस्त समायोजन

कतिपय संव्यवहार जो लेखे में दृष्टिगोचर होते हैं, लेखांकन के समय रोकड़ वास्तविक लेन-देन में सम्मिलित नहीं होते हैं । इनमें से कुछ संव्यवहार स्वयं लेखा प्रस्तुत करने वाली इकाईयों (जैसे-कोषागारों, प्रमण्डलों आदि) में घटित होते हैं । उदाहरणार्थ, वेतन से सभी कटौतियों के समायोजन से संबंधित संव्यवहारों (सामान्य भविष्य निधि, दिए गए अग्रिमों की वसूलियाँ आदि) को कार्यात्मक मुख्य शीर्षों (उस विभाग से संबंधित) के नामे डालकर राजस्व/कर्ज/लोक लेखा प्राप्तियों को पुस्त समायोजनों द्वारा अभिलेखित करते हैं । इसी प्रकार 'शून्य विपत्र' जहाँ धन का अंतरण समेकित निधि एवं लोक लेखा के बीच होता है, लेखे प्रस्तुत करने वाली इकाईयों के स्तर पर होने वाले गैर-रोकड़ संव्यवहारों को दर्शाता है ।

इसके अलावे, महालेखाकार (लेखा एवं हक०) द्वारा राज्य सरकार के लेखे में निम्न प्रकार के आवर्ती समायोजनों एवं पुस्त समायोजनों को जिनका विस्तृत वर्णन लेखे पर टिप्पणियों के अनुबंध (खण्ड I) तथा संबंधित विवरणियों के पाद टिप्पणियों में दर्शाए जाते हैं, को पूर्ण किया जाता है ।

आवर्ती समायोजनों तथा पुस्त समायोजनों के उदाहरण नीचे दिए गए है :

(1) निधियों का सृजन/समेकित निधि को नामे कर लोक लेखा में निधियों के अंशदान का समायोजन, जैसे-राज्य आपदा रिस्पौंस निधि, केन्द्रीय सड़क निधि, निक्षेप निधि आदि ।

(2) समेकित निधि को नामे कर लोक लेखा में लेखे के जमा शीर्षों को जमा करना ।

(3) राज्य सरकार समूह बीमा योजना तथा सामान्य भविष्य निधि (जी०पी०एफ०) पर ब्याज का वार्षिक समायोजन, जहाँ सामान्य भविष्य निधि पर ब्याज का समायोजन मुख्य शीर्ष 2049-ब्याज को नामे कर के तथा मुख्य शीर्ष 8009-राज्य भविष्य निधि एवं मुख्य शीर्ष 8011-बीमा तथा पेंशन निधि को जमा करके किया जाता है ।

(4) भारत सरकार के योजना के अधीन कर्ज माफी समायोजन केन्द्रीय वित्त आयोग के अनुशंसाओं पर आधारित है । इस प्रकार के समायोजन (जहाँ केन्द्रीय कर्जों को मुख्य शीर्ष 0075-विविध सामान्य सेवायें को जमा करके मुख्य शीर्ष 6004-केन्द्रीय सरकार से कर्ज तथा अग्रिम में प्रति इन्द्राज करते हुए) राजस्व प्राप्तियों एवं लोक ऋण शीर्ष दोनों को प्रभावित करता है ।

ङ पूर्णन

वित्त लेखे खण्ड II एवं I में जहाँ कहीं ₹ 0.01 लाख/करोड़ का अंतर है, पूर्णन के कारण है ।

संक्षिप्त विवरणी

विवरण 1: वित्तीय स्थिति का विवरण

(₹ करोड़ में)

परिसंपत्तियाँ [1]	संदर्भ (क्रम संख्या)		31 मार्च 2016 को	31 मार्च 2015 को
	लेखे पर टिप्पणियाँ	विवरण		
रोकड़			**11,716.72**	**6,337.11**
(i) कोषागारों में रोकड़ एवं स्थानीय प्रेषण			0.00	0.00
(ii) विभागीय शेष		21	215.71	210.56
(iii) स्थायी अग्रदाय		21	312.37	313.81
(iv) रोकड़ शेष निवेश		21	8,199.24	3,528.80
(v) भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा		12	124.56	(-)89.06
(vi) उद्दिष्ट निधियों से निवेश [2]		22	2,834.84	2,343.00
पूँजीगत व्यय		16	**1,28,001.82**	**1,04,035.80**
(i) कम्पनियों, निगमों आदि के शेयरों में निवेश		8	9,940.24	7,068.79
(ii) अन्य पूँजीगत व्यय			1,18,061.58	96,967.01
आकस्मिकता निधि (अप्रतिपूरित)			0.00	0.00
कर्ज तथा उधार		18	**20,857.73**	**20,255.00**
सिविल अग्रिम		21	**150.69**	**144.02**
उचंत तथा विविध शेष [3]		21	**4,064.97**	**3,493.16**
प्रेषण शेष		21	**1,186.60**	**1,192.65**
प्राप्तियों से व्यय का संचयी अधिकाई [4]			**0.00**	**0.00**
जोड़ :			**1,65,978.53**	**1,35,457.74**

[1] परिसम्पत्तियों एवं देयताओं के आँकड़े संचयी हैं। कृपया "लेखे पर टिप्पणियाँ" अनुभाग में टिप्पणी 1(ii) भी देखी जाय।

[2] उद्दिष्ट निधियों से कम्पनियों के शेयरों आदि में निवेश पूँजीगत व्यय में शामिल नहीं हैं। इन्हें "उद्दिष्ट निधियों से निवेश" में शामिल किया गया है।

[3] इस विवरण के पंक्ति मद 'उचंत तथा विविध शेष' में '8671–विभागीय शेष', '8672–स्थायी रोकड़ अग्रदाय' तथा '8673–रोकड़ शेष निवेश लेखा' शामिल नहीं है जो ऊपर अलग से शामिल है, यद्यपि ये अन्यत्र इस लेखे खण्ड का भाग है।

[4] व्यय से प्राप्तियों का संचयी आधिक्याई या प्राप्तियों से व्यय की संचयी अधिकाई एक दूसरे से भिन्न है और वर्त्तमान वर्ष के लिए राजकोषीय /राजस्व हानि नहीं है

विवरण 1: वित्तीय स्थिति का विवरण

(₹ करोड़ में)

देयतायें	संदर्भ (क्रम संख्या)		31 मार्च 2016 को	31 मार्च 2015 को
	लेखे पर टिप्पणियाँ	विवरण		
उधार (लोक ऋण)			**88,828.63**	**74,570.47**
(i) आंतरिक ऋण		17	79,990.32	65,848.02
(ii) केन्द्रीय सरकार से कर्ज तथा अग्रिम		17	8,838.31	8,722.45
योजनेतर कर्ज		17	52.74	55.68
राज्य योजनागत योजनाओं के लिए कर्ज		17	8,737.16	8,618.36
केन्द्रीय योजनागत योजनाओं के लिए कर्ज		17	1.01	1.01
केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के लिए कर्ज		17	0.53	0.53
अन्य कर्ज		17	46.87	46.87
अन्तर्राज्यीय परिशोधन		12	**74.01**	**74.01**
आकस्मिकता निधि (संग्रह)		21	**350.00**	**350.00**
लोक लेखा पर देयताएं			**30,583.82**	**26,828.35**
(i) अल्प बचत, भविष्य निधि आदि		21	8,791.50	8,865.08
(ii) जमा		21	17,522.74	13,784.38
(iii) आरक्षित निधि		21	4,269.58	4,178.89
(iv) प्रेषण शेष			0.00	0.00
(v) उचंत तथा विविध शेष			0.00	0.00
व्यय से प्राप्तियों का संचयी अधिकाई [5]		12	**46,142.07**	**33,634.91**
जोड़ :			**1,65,978.53**	**1,35,457.74**

[5] आँकड़ा ₹ 46,142.07 करोड़, कुल पूँजीगत तथा अन्य व्यय और निधियों के प्रमुख स्रोतों का निवल परिणाम है । विस्तृत ब्यौरा विवरणी 12 में दिया गया है।

विवरण 2: प्राप्तियों एवं संवितरणों का विवरण

(₹ करोड़ में)

प्राप्तियाँ			संवितरण		
	2015-16	2014-15		2015-16	2014-15
भाग-I समेकित निधि					
अनुभाग-अ : राजस्व					
राजस्व प्राप्तियाँ *(संदर्भ. विवरण 3 एवं 14)*	**96,123.10**	**78,417.54**	**राजस्व व्यय** *(संदर्भ. विवरण 4-क, 4-ख एवं 15)*	**83,615.94**	**72,569.98**
कर राजस्व (राज्य द्वारा अधिरोपित) *(संदर्भ. विवरण 3 एवं 14)*	25,449.18	20,750.23	वेतन [1] *(संदर्भ. विवरण 4-ख एवं परिशिष्ट-I)*	14,880.42	14,496.91
करेतर राजस्व *(संदर्भ. विवरण 3 एवं 14)*	**2,185.64**	**1,557.98**	सहायता अनुदान [2] *(संदर्भ. विवरण 4-ख, 10 एवं परिशिष्ट-III)*	26,426.21	22,334.29
			सब्सिडी *(संदर्भ. परिशिष्ट-III)*	9,010.36	4,628.36
ब्याज प्राप्तियाँ *(संदर्भ. विवरण 3 एवं 14)*	583.66	344.77	**सामान्य सेवाएं** *(संदर्भ. विवरण 4 एवं 15)*	**21,595.95**	**20,941.18**
अन्य *(संदर्भ. विवरण 3)*	1,601.98	1,213.21	पेंशन *(संदर्भ. विवरण 4-क, 4-ख एवं 15)*	11,850.36	11,344.50
			ब्याज अदायगी तथा ऋण सेवा *(संदर्भ. विवरण 4- क, 4-ख एवं 15)*	7,589.55	7,104.01
			अन्य *(संदर्भ. विवरण 4-ख)*	2,156.04	2,492.67
संघीय कर/शुल्क में हिस्सा *(संदर्भ. विवरण 3 एवं 14)*	48,922.68	36,963.07	**सामाजिक सेवाएं** *(संदर्भ. विवरण 4-क एवं 15)*	**9,165.23**	**3,604.96**
			आर्थिक सेवाएं *(संदर्भ. विवरण 4-क एवं 15)*	**2,533.56**	**6,560.24**
केन्द्रीय सरकार से अनुदान *(संदर्भ. विवरण 3 एवं 14)*	19,565.60	19,146.26	**स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन** [3] *(संदर्भ. विवरण 4-क एवं 15)*	**4.21**	**4.04**
राजस्व घाटा	**0.00**	**0.00**	**राजस्व आधिक्य**	**12,507.16**	**5,847.56**

[1] एक समेकित आँकड़ा के रूप में प्रदर्शित करने के लिए व्यय शीर्ष (लेखा) के सभी प्रभागों के वेतन, सब्सिडी तथा सहायता अनुदान संबंधी आँकड़ों को जोड़ दिया गया है । इस विवरणी में दर्शाये गये 'सामान्य', 'सामाजिक' तथा 'आर्थिक सेवाओं' के प्रभागाधीन व्यय के अन्तर्गत वेतन, सब्सिडी तथा सहायता अनुदान सम्मिलित नहीं हैं (पाद टिप्पणी-2 में व्याख्यायित)।

[2] राज्य सरकार द्वारा सांविधिक निगमों, स्वायत्त संस्थाओं, स्थानीय निकायों आदि को सहायता अनुदान दिया जाता है, जिसे ऊपर एक पंक्ति मद के रूप में दर्शाया गया है। ये अनुदान स्थानीय निकायों को दिये जाने वाले शुल्क, करों के क्षतिपूर्ति एवं समनुदेशन से भिन्न है जिसे "स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन" के रूप में अलग से पंक्ति मद में दिखलाया गया है।

[3] मुख्य शीर्ष 3601 के अंतर्गत लेखांकित राशि ।

विवरण 2: प्राप्तियों एवं संवितरणों का विवरण

(₹ करोड़ में)

प्राप्तियाँ			संवितरण		
	2015-16	2014-15		2015-16	2014-15
अनुभाग–ब : पूँजी					
पूँजीगत प्राप्तियाँ *(संदर्भ. विवरण 3 एवं 14)*	**0.00**	**0.00**	**पूँजीगत व्यय** *(संदर्भ. विवरण 1–क, 1–ख एवं 16)*	**23,966.02**	**18,150.41**
			सामान्य सेवाएं *(संदर्भ. विवरण 1–क एवं 16)*	3,617.03	1,748.69
			सामाजिक सेवाएं [4] *(संदर्भ. विवरण 1–क एवं 16)*	2,740.48	1,673.59
			आर्थिक सेवाएं [5] *(संदर्भ. विवरण 1–क एवं 16)*	17,608.51	14,728.13
ऋण तथा अग्रिमों की वसूलियाँ *(संदर्भ. विवरण 3, 7 एवं 18)*	**18.50**	**1,493.06**	**संवितरित ऋण तथा अग्रिमों** *(संदर्भ. विवरण 4– क, 7 एवं 18)*	**621.22**	**368.71**
			सामान्य सेवाएं *(संदर्भ. विवरण 1– क, 7 एवं 18)*	**0.00**	**0.00**
			सामाजिक सेवाएं *(संदर्भ. विवरण 4– क, 7 एवं 18)*	**0.35**	**0.00**
			आर्थिक सेवाएं *(संदर्भ. विवरण 4– क, 7 एवं 18)*	597.87	355.23
			अन्य *(संदर्भ. विवरण 7)*	23.00	13.48
लोक ऋण प्राप्तियाँ *(संदर्भ. विवरण 3, 6 एवं 17)*	**18,383.01**	**13,917.53**	**लोक ऋण की वापसी** *(संदर्भ. विवरण 4– क, 6 एवं 17)*	**4,124.85**	**3,608.95**
आंतरिक ऋण[6] (बाजार ऋण, एन०एस०एस०एफ० आदि) *(संदर्भ. विवरण 3, 6 एवं 17)*	17,565.04	13,199.28	आंतरिक ऋण[6] (बाजार ऋण, एन०एस०एस०एफ० आदि) *(संदर्भ. विवरण 4– क, 6 एवं 17)*	3,422.74	2,975.37
भारत सरकार से कर्ज *(संदर्भ. विवरण 3, 6 एवं 17)*	817.97	718.25	भारत सरकार से कर्ज *(संदर्भ. विवरण 4– क, 6 एवं 17)*	702.11	633.58
अन्तर्राज्यीय निपटान लेखा (निवल)	**0.00**	**0.00**	**अन्तर्राज्यीय निपटान लेखा (निवल)**	**0.00**	**0.00**
समेकित निधि से कुल प्राप्तियाँ *(संदर्भ. विवरण 3)*	**1,14,524.61**	**93,828.13**	**समेकित निधि से कुल व्यय** *(संदर्भ. विवरण 4)*	**1,12,328.03**	**94,698.05**
समेकित निधि में घाटा	**0.00**	**869.92**	**समेकित निधि में आधिक्य**	**2,196.58**	**0.00**

[4] वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के लिए सामाजिक क्षेत्रों पर पूँजीगत परिव्यय के अन्तर्गत मुख्य शीर्षों 4215 से संबंधित वेतनादि पर व्यय ₹ 4.81 करोड़ एवं ₹ 4.94 करोड़ क्रमशः सन्निहित है ।

[5] वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के लिए आर्थिक सेवाएँ पर पूँजीगत परिव्यय के अन्तर्गत मुख्य शीर्षों 4515, 4700, एवं 4701 से संबंधित वेतनादि पर व्यय ₹ 3.72 करोड़ एवं ₹ 38.37 करोड़ क्रमशः सन्निहित है।

[6] प्राप्ति एवं पुनर्भुगतान से संबंधित राष्ट्रीय लघु बचत निधि (एन०एस०एस०एफ०) के लेन–देनों की राशि क्रमशः वर्ष 2014-15 में ₹ 3,942.84 करोड़ एवं ₹ 792.62 करोड़ और 2015-16 के लिए ₹ 3,306.54 करोड़ तथा ₹ 1,281.68 करोड़ भी शामिल है ।

विवरण 2: प्राप्तियों एवं संवितरणों का विवरण

(₹ करोड़ में)

प्राप्तियाँ			संवितरण		
	2015-16	2014-15		2015-16	2014-15
भाग - II आकस्मिकता निधि					
आकस्मिकता निधि *(संदर्भ. विवरण 21)*	0.00	0.00	आकस्मिकता निधि *(संदर्भ. विवरण 21)*	0.00	0.00
भाग - III लोक लेखा [7]					
अल्प बचत *(संदर्भ. विवरण 21)*	1,203.48	1,103.75	अल्प बचत *(संदर्भ. विवरण 21)*	1,277.06	1,286.53
आरक्षित तथा निक्षेप निधियाँ *(संदर्भ. विवरण 21)*	1,760.84	1,403.62	आरक्षित तथा निक्षेप निधियाँ *(संदर्भ. विवरण 21)*	2,161.99	1,648.74
जमा *(संदर्भ. विवरण 21)*	34,682.89	24,763.35	जमा *(संदर्भ. विवरण 21)*	30,944.53	22,527.32
अग्रिम *(संदर्भ. विवरण 21)*	211.14	208.19	अग्रिम *(संदर्भ. विवरण 21)*	217.81	221.65
उचंत तथा विविध [8] (संदर्भ. विवरण 21)	2,35,533.87	1,66,624.10	उचंत तथा विविध [8] (संदर्भ. विवरण 21)	2,40,779.84	1,67,855.98
प्रेषण *(संदर्भ. विवरण 21)*	10,619.24	12,221.55	प्रेषण *(संदर्भ. विवरण 21)*	10,613.18	12,233.53
कुल प्राप्तियाँ लोक लेखा	**2,84,011.46**	**2,06,324.56**	कुल व्यय लोक लेखा	**2,85,994.41**	**2,05,773.75**
लोक लेखा में घाटा	**1,982.95**	**0.00**	**लोक लेखा में अधिशेष**	**0.00**	**550.81**
आदि रोकड़ शेष	**(-)89.06**	**230.03**	अंत रोकड़ शेष	**124.56**	**(-)89.06**
रोकड़ में वृद्धि	**213.62**	**0.00**	**रोकड़ में कमी**	**0.00**	**319.09**

[7] कृपया विस्तृत सूचना के लिए भाग II के विवरणी 21 का संदर्भ लें ।

[8] 'उचंत एवं विविध' में 'अन्य लेखे' शामिल हैं, यथा रोकड़ शेष निवेश लेखा (मुख्य शीर्ष 8673) आदि । इन 'अन्य लेखे' के कारण आँकड़े वृहद रूप में प्रकट होते हैं ।

विस्तृत विवरण खण्ड II के विवरणी 21 में देखे जा सकती है ।

विवरण 2 का अनुबंध क

रोकड़ शेषों और रोकड़ शेषों का निवेश

(₹ करोड़ में)

		31 मार्च 2016 को अन्तशेष	1 अप्रैल 2015 को आदिशेष
(क)	**सामान्य रोकड़ शेष–**		
(1)	रिजर्व बैंक के पास जमा	124.56	(-)89.06
(2)	रोकड़ शेष से किए गए निवेश लेखा	8,199.24	3,528.80
	जोड़– (क)	**8,323.80**	**3,439.74**
(ख)	**अन्य रोकड़ शेष और निवेश**		
(1)	विभागीय अधिकारियों यथा वन तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के पास रोकड़	215.71	210.56
(2)	विभागीय अधिकारियों के पास आकस्मिक व्यय के लिए स्थायी अग्रिम	342.37	343.81
(3)	उद्दिष्ट निधियों से निवेश	2,834.84	2,343.00
	जोड़–(ख)	**3,392.92**	**2,897.37**
	जोड़– (क) और (ख)	**11,716.72**	**6,337.11**

व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ

1. **रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य:–** रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य के अन्तर्गत कोषागार में रोकड़ एवं भारतीय रिज़र्व बैंक एवं अन्य बैंकों के पास जमा तथा पारगमन में प्रेषण सम्मिलित है, जैसा पिछले पृष्ठ पर बताया गया है । 'रिजर्व बैंक के पास जमा शीर्ष' के अन्तर्गत शेष वित्तीय वर्ष के अन्त में समेकित निधि, आकस्मिकता निधि एवं लोक लेखा के संयुक्त शेष को चित्रित करता है । समस्त रोकड़ स्थिति की गणना हेतु कोषागारों, विभागों में रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेष में से निवेश/आरक्षित निधि आदि 'रिजर्व बैंक में जमा' में जोड़कर की गई हैं।

   'रिजर्व बैंक में जमा' के अन्तर्गत शेष उस शेष का द्योतक है जो 11 अप्रैल 2016 तक भारतीय रिजर्व बैंक को सूचित किये गये अन्तर्राज्यीय गुच्छा लिफाफे को लेखा में शामिल कर लेने के बाद वित्तीय वर्ष 2015–16 सरकारी लेखा के अनुसार निकलता है ।

   'रिजर्व बैंक में जमा' लेखे में प्रदर्शित राशि {₹ 124.56 करोड़ (नामे)} एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सूचित राशि {₹ 111.20 करोड़ (जमा)} के बीच ₹ 13.36 करोड़ (नामे) का अन्तर था । यह अन्तर समाधान के अधीन है।

2. **दैनिक रोकड़ शेष:–** भारतीय रिजर्व बैंक के साथ किए गए करार के अन्तर्गत राज्य सरकार को बैंक के पास ₹ 1.73 करोड़ का न्यूनतम रोकड़ शेष रखना होता है । जब रोकड़ शेष करार के इस न्यूनतम शेष से किसी दिन कम पड़ जाता है तब इस कमी को समय–समय पर विशेष अर्थोपाय अग्रिम/ओवर ड्राफ्ट से पूरा किया जाता है। दैनिक रोकड़ शेष की गणना रिजर्व बैंक के द्वारा 14 दिवसीय कोषागार विपत्र के साथ सूचित लेन–देन (एजेंसी बैंकों के द्वारा सूचित रिजर्व बैंक के काउन्टर पर अन्तर्राज्यीय लेन–देन एवं कोषागार लेन–देन) के मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है ।

   इस प्रकार प्राप्त रोकड़ शेष को 14 दिवसीय कोषागार विपत्र, यदि कोई हो, के परिपक्व मूल्य जोड़ने के बाद, अधिक शेष, यदि कोई हो न्यूनतम रोकड़ शेष के संधारण के पश्चात् कोषागार विपत्र में पुनर्निवेशित किया जाता हैं । यदि इस प्रकार प्राप्त निवल रोकड़ शेष न्यूनतम रोकड़ शेष से कम हो अथवा जमा शेष हो एवं उस दिन को परिपक्व कोई 14 दिवसीय कोषागार विपत्र न हो तो रिजर्व बैंक पुनः 14 दिवसीय कोषागार विपत्र को बेचे पर जारी कर इस कमी को पूरा करता है । यदि उस दिन के लिए कोई 14 दिवसीय कोषागार विपत्र न हो तो राज्य सरकार अर्थोपाय अग्रिम/ विशेष अर्थोपाय अग्रिम/ओवर ड्राफ्ट हेतु आवेदन करती है ।

3. **अर्थोपाय अग्रिम की सीमाएं:–** राज्य सरकार के लिए 1 अप्रैल 2006 से ₹ 425.00 करोड़ के साधारण अर्थोपाय अग्रिम की सीमा है । सरकार के प्रतिभूतियों के विरुद्ध विशेष अर्थोपाय अग्रिमों को देने के संबंध में बैंक ने भी सहमति दी है। विशेष अर्थोपाय अग्रिम की निर्धारित सीमा को बैंक द्वारा समय–समय पर संशोधित किया जाता है ।

   वित्तीय वर्ष 2015–16 में न्यूनतम शेष बिना कोई अग्रिम लिए बरकरार रखा गया ।

4. रोकड़ शेष में से ₹ 8,199.24 करोड़ का निवेश किया गया, जिसमें 31 मार्च 2016 को भारत सरकार की प्रतिभूतियाँ (₹ 8,191.54 करोड़) और अन्य राज्य सरकारों की प्रतिभूतियाँ (₹ 4.65 करोड़) है । रोकड़ शेष निवेश लेखा में रखे गए निवेशों पर वर्ष के दौरान ₹ 453.33 करोड़ का ब्याज प्राप्त हुआ ।

5. राज्य सरकार द्वारा अपनी प्रतिभूतियों में कोई निवेश नहीं किया गया ।

6. उद्दिष्ट निधियों में से किये गये निवेशों का ब्योरा खण्ड-II में विवरण संख्या 22 में दिया गया है ।

विवरण 3: प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)

(₹ करोड़ में)

	विवरण	वास्तविकी	
		2015-16	2014-15
	I.कर तथा करेतर राजस्व		
क.	**कर राजस्व**		
क. 1	**स्वकर राजस्व**	**25,449.18**	**20,750.23**
	बिक्री कर, व्यापार आदि	10,603.40	8,607.16
	माल तथा यात्री कर	6,087.12	4,451.25
	स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क	3,408.57	2,699.49
	राज्य उत्पाद शुल्क	3,141.75	3,216.58
	वाहन कर	1081.22	963.56
	भू-राजस्व	695.15	277.13
	आय तथा व्यय पर अन्य कर	64.55	54.96
	अन्य	367.42	480.10
क. 2	**करों के निवल आगमों का हिस्सा**	**48,922.68**	**36,963.07**
	निगम कर	15,377.40	12,907.72
	निगम कर से भिन्न आय पर कर	10,643.04	9,217.35
	सेवा कर	8,430.37	5,449.29
	सीमा शुल्क	7,849.43	5,977.99
	संघ उत्पाद शुल्क	6,577.11	3,375.58
	वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	40.63	(-)0.01
	धन कर	4.31	34.84
	आय तथा व्यय पर अन्य कर	0.39	0.31
	जोड़ क	**74,371.86**	**57,713.30**
ख.	**करेत्तर राजस्व**		
	अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग	971.34	879.87
	ब्याज प्राप्तियाँ	583.66	344.77
	पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के संबंध में अंशदान तथा वसूलियाँ	176.74	1.58
	अन्य प्रशासनिक सेवाएं	72.61	21.77
	पुलिस	66.05	29.50
	सड़क तथा सेतु	41.85	54.52
	शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति	41.30	10.77
	चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य	40.47	30.22
	वानिकी तथा वन्य प्राणी	29.70	25.24
	अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम	23.92	29.37
	फसल कृषि-कर्म	15.53	18.83
	मुख्य सिंचाई	14.92	1.22
	लाभांश तथा लाभ	14.84	2.58
	अन्य सामान्य आर्थिक सेवाएं	14.28	10.97
	श्रम तथा रोजगार	11.47	8.65
	जेल	11.01	2.72
	मध्यम सिंचाई	10.86	16.95
	मत्स्य पालन	9.98	10.71
	लोक निर्माण कार्य	7.47	13.46

विवरण 3: प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)

(₹ करोड़ में)

	विवरण		वास्तविकी	
			2015-16	2014-15
ख.	लघु सिंचाई		5.33	3.17
	जलापूर्ति तथा सफाई		4.82	4.36
	लोक सेवा आयोग		4.55	17.54
	नागर विमानन		4.19	4.95
	आवास		2.41	2.10
	सहकारिता		2.29	7.30
	विविध सामान्य सेवाएं		1.03	1.99
	पर्यटन		0.94	1.34
	पशुपालन		0.61	0.55
	लेखन सामग्री तथा मुद्रण		0.36	0.02
	सूचना तथा प्रचार		0.32	0.41
	भूमि सुधार		0.18	0.14
	सड़क परिवहन		0.14	0.10
	सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण		0.13	0.02
	उद्योग		0.12	0.10
	सिविल पूर्ति		0.10	0.14
	अन्य सामाजिक सेवाएं		0.07	0.00
	ग्रामीण तथा लघु उद्योग		0.05	0.05
	परिवार कल्याण		0.00	0.00
	डेरी विकास		0.00	0.00
	अंतर्देशीय जल परिवहन		0.00	0.00
	जोड़ ख		**2,185.64**	**1,557.98**
	II- भारत सरकार से अनुदान			
ग.	**अनुदान**			
	केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान			
	योजनेतर अनुदान	संविधान के अनुच्छेद 275(1) के परंतुक के अंतर्गत अनुदान	2,525.01	2,886.61
		राज्य आपदा रिस्पौंस निधि के लिए अंशदान हेतु अनुदान	351.75	304.93
		अन्य अनुदान	557.67	79.67
	राज्य/संघ क्षेत्र की योजनागत स्कीमों के लिए अनुदान	एकमुश्त (ब्लॉक) अनुदान (ई०ए०पी०)	270.37	2,786.69
		केन्द्रीय सड़क निधि से अनुदान	80.06	83.36
		अन्य अनुदान	13,535.90	12,065.63
	केन्द्रीय योजनागत स्कीमों के लिए अनुदान		2083.98	117.49
	केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनागत स्कीमों के लिए अनुदान		160.86	821.88
	जोड़ ग		**19,565.60**	**19,146.26**
	कुल राजस्व प्राप्तियाँ (क+ख+ग)		**96,123.10**	**78,417.54**

विवरण 3: प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)

(₹ करोड़ में)

	विवरण		वास्तविकी	
			2015-16	2014-15
	III- पूँजीगत, लोक ऋण तथा अन्य प्राप्तियाँ			
घ.	**पूँजीगत प्राप्तियाँ**			
	विनिवेश से प्राप्तियाँ		0.00	0.00
	अन्य		0.00	0.00
	जोड़ घ		**0.00**	**0.00**
ङ.	**लोक ऋण प्राप्तियाँ**			
	आंतरिक ऋण		**17,565.04**	**13,199.28**
		बाजार कर्ज	11,500.00	8,100.00
		आर०बी०आई० से डब्ल्यू०एम०ए०[1]	0.00	0.00
		बंध पत्र	1554.52	0.00
		वित्तीय संस्थाओं से कर्ज	1,203.98	1,154.44
		राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को जारी विशेष प्रतिभूतियाँ	3,306.54	3,944.84
		अन्य कर्ज	0.00	0.00
	केन्द्रीय सरकार से कर्ज तथा अग्रिम		**817.97**	**718.25**
		योजनेत्तर कर्ज	0.00	0.00
		राज्य की योजनागत स्कीमों के लिए कर्ज	817.97	718.25
		केन्द्रीय योजनागत स्कीमों के लिए कर्ज	0.00	0.00
		केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनागत स्कीमों के लिए कर्ज	0.00	0.00
		अन्य कर्ज	0.00	0.00
	जोड़ ङ		**18,383.01**	**13,917.53**
च.	**राज्य सरकार द्वारा ऋण तथा अग्रिम (वसूलियाँ)** [2]		**18.50**	1,493.06
छ.	**अंतर्राज्यीय परिशोधन**		**0.00**	**0.00**
	समेकित निधि में कुल प्राप्तियाँ [3] **(क-ख+ग-घ+ङ+च+छ)**		**1,14,524.61**	**93,828.13**

[1] डब्ल्यू०एम०ए०: अर्थोपाय आग्रिम ।

[2] विस्तृत ब्यौरे खण्ड II के विवरण 7 तथा 18 में हैं ।

[3] विस्तृत ब्यौरे खण्ड II के विवरण 7, 14 तथा 17 में हैं ।

विवरण 4: व्यय का विवरण (समेकित निधि)

क - प्रयोजनवार व्यय *(₹ करोड़ में)*

	विवरण	राजस्व	पूँजीगत	कर्ज तथा उधार	कुल
क	**सामान्य सेवाएं**				
क.1	**राज्य के अंग**				
	संसद राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधान मंडल	125.88	0.00	0.00	125.88
	राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति/राज्यपाल, संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासक	8.98	0.00	0.00	8.98
	मंत्रिपरिषद	15.85	0.00	0.00	15.85
	न्याय प्रशासन	642.38	0.00	0.00	642.38
	निर्वाचन	441.35	0.00	0.00	441.35
क.2	**राजकोषीय सेवाएं**				
	भू-राजस्व	431.14	0.00	0.00	431.14
	स्टाम्प तथा पंजीकरण	55.33	0.00	0.00	55.33
	राज्य उत्पाद शुल्क	49.63	0.00	0.00	49.63
	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	90.22	0.00	0.00	90.22
	वाहन कर	39.77	0.00	0.00	39.77
	वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	0.80	0.00	0.00	0.80
	अन्य राजकोषीय सेवाएं	2.38	26.87	0.00	29.25
	ऋण घटाने या उसका परिहार करने के लिए विनियोजन	491.85	0.00	0.00	491.85
	व्याज अदायगियां	7,097.69	0.00	0.00	7,097.69
क.3	**प्रशासनिक सेवाएं**				
	लोक सेवा आयोग	24.29	0.00	0.00	24.29
	सचिवालय-सामान्य सेवाएं	212.64	0.00	0.00	212.64
	जिला प्रशासन	322.51	0.00	0.00	322.51
	खजाना तथा लेखा प्रशासन	72.00	0.00	0.00	72.00
	पुलिस	1,862.22	318.20	0.00	5,180.42
	जेल	236.39	0.00	0.00	236.39
	लेखन सामग्री तथा मुद्रण	13.06	0.00	0.00	13.06
	लोक निर्माण कार्य	452.28	1,038.23	0.00	1,490.51
	अन्य प्रशासनिक सेवाएं	433.30	2,233.73	0.00	2,667.03
क.4	**पेंशन तथा विविध सामान्य सेवाएं**				
	पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति हितलाभ	11,850.36	0.00	0.00	11,850.36
	जोड़ - सामान्य सेवाएं	**27,972.30**	**3,617.03**	**0.00**	**31,589.33**
ख	**सामाजिक सेवाएं**				
ख.1	**शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति**				
	सामान्य शिक्षा #	18,429.71	549.82	0.35	18,979.88
	तकनीकी शिक्षा	106.41	0.00	0.00	106.41
	खेलकूद तथा युवा सेवाएं	34.98	0.00	0.00	34.98
	कला तथा संस्कृति	34.22	0.00	0.00	34.22

सामान्य शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, खेलकूद तथा युवा सेवाएं और कला तथा संस्कृति के लिए राजस्व व्यय हेतु अलग-अलग मुख्य शीर्ष है, किन्तु पूँजीगत परिव्यय के लिए ऊपर लिखित राजस्व व्यय मुख्य शीर्षों के लिए एक ही मुख्य शीर्ष है । अतएव उक्त सभी व्यवहारी मुख्य शीर्षों से संबंधित व्यय की कुल राशि को एक ही पूँजीगत मुख्य शीर्ष (4202) के अंतर्गत दर्शाया गया है ।

विवरण 4: व्यय का विवरण (समेकित निधि)

क - प्रयोजनवार व्यय *(₹ करोड़ में)*

	विवरण	राजस्व	पूँजीगत	कर्ज तथा उधार	कुल
ख.2	**स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण**				
	चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य	3,115.54	1,090.75	0.00	4,206.29
	परिवार कल्याण	365.03	0.00	0.00	365.03
ख.3	**जलापूर्ति, सफाई, आवास तथा शहरी विकास**				
	जलापूर्ति तथा सफाई	610.13	773.47	0.00	1,383.60
	आवास	1,435.68	50.04	0.00	1,485.72
	शहरी विकास	1,618.53	0.00	0.00	1,648.53
ख.4	**सूचना तथा प्रसारण**				
	सूचना तथा प्रचार	140.90	(-)0.05	0.00	140.85
ख.5	**अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण**				
	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण	4,055.63	18.60	0.00	4,074.23
ख.6	**श्रमिक तथा श्रम कल्याण**				
	श्रम तथा रोजगार	174.05	0.00	0.00	174.05
ख.7	**समाज कल्याण तथा पोषण**				
	सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण	4,316.75	101.00	0.00	4,417.75
	पोषण	1,074.86	0.00	0.00	1,074.86
	प्राकृतिक आपदा के कारण राहत	347.52	0.00	0.00	347.52
ख.8	**अन्य**				
	अन्य सामाजिक सेवाएं	2.65	156.85	0.00	159.50
	सचिवालय-सामाजिक सेवाएं	50.45	0.00	0.00	50.45
	जोड़ - सामाजिक सेवाएं	**35,943.04**	**2,740.48**	**0.35**	**38,683.87**
ग	**आर्थिक सेवाएं**				
ग.1	**कृषि तथा संबद्ध कार्यकलाप**				
	फसल कृषि-कर्म	1,703.80	45.35	2.00	1,751.15
	मृदा तथा जल संरक्षण	29.44	10.00	0.00	39.44
	पशुपालन	204.89	0.00	0.00	204.89
	डेरी विकास	86.57	0.00	0.00	86.57
	मछली पालन	44.34	0.00	0.00	44.34
	वानिकी तथा वन्य प्राणी	269.91	12.67	2.26	284.84
	खाद्य, भंडारण तथा भांडागार	623.37	461.76	0.00	1,085.13
	कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा	351.58	0.00	0.00	351.58
	सहकारिता	197.71	75.15	100.00	372.86
	अन्य कृषि कार्यक्रम	3.38	0.00	0.00	3.38
ग.2	**ग्राम विकास**				
	ग्राम विकास के लिए विशेष कार्यक्रम	431.62	0.00	0.00	431.62
	ग्राम रोजगार	1,140.83	0.00	0.00	1,140.83
	भूमि सुधार	2.35	0.00	0.00	2.35
	अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम	3,346.69	8,012.63	0.00	11,359.32

विवरण 4: व्यय का विवरण (समेकित निधि)

क – प्रयोजनवार व्यय *(₹ करोड़ में)*

	विवरण	राजस्व	पूँजीगत	कर्ज तथा उधार	कुल
ग.3	**सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण**				
	मुख्य सिंचाई	408.82	735.60	0.00	1,144.42
	मध्यम सिंचाई	106.94	97.45	0.00	204.39
	लघु सिंचाई	330.38	200.48	0.00	530.86
	कमान क्षेत्र विकास	91.68	0.00	0.00	91.68
	बाढ़ नियंत्रण तथा जल निकास	213.56	651.12	0.00	864.68
ग.4	**ऊर्जा**				
	बिजली	6,047.95	2,793.96	140.78	8,982.69
	अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत	103.46	0.00	0.00	103.46
ग.5	**उद्योग तथा खनिज**				
	ग्रामीण तथा लघु उद्योग	76.02	0.53	0.00	76.55
	उद्योग	1,112.36	0.00	0.00	1,112.36
	अलौह खनन और धातुकर्म उद्योग	12.43	0.00	0.00	12.43
	दूरसंचार तथा इलेक्ट्रॉनिक उद्योग	0.00	20.00	0.00	20.00
	उपभोक्ता उद्योग	0.00	0.00	17.59	17.59
	उद्योगों तथा खनिजों पर अन्य परिव्यय	0.00	8.81	0.00	8.81
ग.6	**परिवहन**				
	नागर विमानन	2.89	12.30	0.00	15.19
	सड़क तथा सेतु	1,709.07	4,402.77	0.00	6,111.84
	सड़क परिवहन	0.00	2.27	318.24	320.51
	अन्य परिवहन सेवाएं	0.37	0.00	0.00	0.37
ग.7	**सामान्य आर्थिक सेवाएं**				
	सचिवालय–आर्थिक सेवाएं	75.02	0.00	0.00	75.02
	पर्यटन	27.79	33.78	0.00	61.57
	जनगणना सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी	113.84	0.00	0.00	113.84
	सिविल आपूर्ति	795.17	0.00	0.00	795.17
	सामान्य वित्तीय तथा व्यापारिक संस्थाएं	0.00	31.00	17.00	48.00
	अन्य सामान्य आर्थिक सेवाएं	32.16	0.88	0.00	33.04
	जोड़ – आर्थिक सेवाएं	**19,696.39**	**17,608.51**	**597.87**	**37,902.77**
घ	**सहायता अनुदान तथा अंशदान**				
	स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन	**4.21**	0.00	0.00	4.21
ङ	**लोक ऋण**				
	राज्य सरकार का आंतरिक ऋण	0.00	3,422.74	0.00	3,422.74
	केन्द्रीय सरकार से कर्ज तथा अग्रिम	0.00	702.11	0.00	702.11
च	**कर्ज तथा पेशगियाँ**				
	सरकारी कर्मचारियों को कर्ज आदि	0.00	0.00	23.00	23.00
	जोड़ – सहायता अनुदान तथा अंशदान, लोक ऋण एवं कर्ज तथा पेशगियाँ	**4.21**	**4,124.85**	**23.00**	**4,152.06**
छ	**अंतरराज्यीय परिशोधन**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**0.00**
	जोड़ – समेकित निधि व्यय	**83,615.94**	**28,090.87**	**621.22**	**1,12,328.03**

ख– प्रकृतिवार व्यय

क्रम सं०	विषयवार व्यय	2015-16		
		राजस्व	पूँजी	जोड़
1	सहायक अनुदान	26,426.21	0.00	26,426.21
2	वेतन	14,880.42	43.31	14,923.73
3	पेंशन	11,830.46	0.00	11,830.46
4	निर्माण (मुख्य कार्य)	184.02	20,832.58	21,016.60
5	ब्याज	7,097.69	0.00	7,097.69
6	सब्सिडी	9,010.36	0.09	9,010.45
7	निवेश	0.00	2,875.96	2,875.96
8	वाणिज्यिक तथा विशेष सेवायें	2,034.37	3.11	2,037.48
9	सामग्री तथा आपूर्ति	2,628.00	3.73	2,631.73
10	लघु कार्य	2,072.12	149.65	2,221.77
11	मजदूरी	600.60	0.00	600.60
12	कार्यालय व्यय	1,063.03	3.04	1,066.07
13	छात्रवृत्ति	5,367.99	0.00	5,367.99
14	यात्रा व्यय	242.61	0.09	242.70
15	मोटर वाहन	9.49	0.00	9.49
16	मशीनरी तथा उपस्कर	167.03	91.64	258.67
17	प्रकाशन तथा प्रचार	175.03	0.00	175.03
18	पोशाक एवं परिधान	57.78	0.07	57.85
19	किराया, दर तथा शुल्क	66.46	0.12	66.58
20	स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन	4.21	0.00	4.21
21	उधार की वापसी	0.00	4,124.85	4,124.85
22	पेट्रोलियम, तेल एवं लुब्रिकेन्ट (पो०ओ०एल०)	0.54	0.00	0.54
23	अन्य प्रशासनिक व्यय	213.7	0.00	213.70
24	चिकित्सा प्रतिपूर्ति	12.02	0.02	12.01
25	ऋण तथा अग्रिम	0.00	621.22	621.22
26	गुप्त सेवा व्यय	3.01	0.00	3.01
27	पुरस्कार	3.55	0.00	3.55
28	शस्त्र और गोला बारूद	43.52	0.00	43.52
29	अन्य	312.45	42.61	355.06
30	घटाएं– अधिक भुगतान की वसूलियाँ	(-)890.73	(-)80.00	(-)970.73
	जोड़ :	**83,615.94**	**28,712.09**	**1,12,328.03**

[*] 2013–14 तथा 2014–15 के दौरान आँकड़ें अन्य के अंतर्गत दर्शाए गए थे।

(समेकित निधि)

(₹ करोड़ में)

2014-15			2013-14		
राजस्व	पूँजी	जोड़	राजस्व	पूँजी	जोड़
22,334.29	25.00	22,359.29	18,927.51	7.50	18,935.01
14,496.91	110.53	14,607.44	13,929.22	107.45	14,036.67
11,344.50	0.00	11,344.50	9,481.73	0.00	9,481.73
488.83	10,749.52	11,238.35	2.94	10,812.92	10,815.86
6,128.75	0.00	6,128.75	5,459.04	0.00	5,459.04
4,628.36	0.00	4,628.36	1,464.38	0.00	1,464.38
0.00	4,201.60	4,201.60	0.00	1,925.08	1,925.08
2,076.15	9.79	2,085.94	1,446.77	21.65	1,468.42
1,358.20	0.00	1,358.20	2,592.52	0.00	2,592.52
205.66	811.38	1,017.04	1,790.52	226.18	2,016.70
596.97	0.00	596.97	489.84	0.00	489.84
477.79	2.30	480.09	675.37	6.50	681.87
367.90	0.00	367.90	1,843.42	0.00	1,843.42
202.81	0.37	203.18	122.80	0.48	123.28
168.42	1.11	169.53	18.52	0.00	18.52
144.69	20.99	165.68	111.64	19.33	130.97
125.31	0.00	125.31	107.10	0.00	107.10
71.38	0.15	71.53	51.03	0.00	51.03
14.94	0.13	15.07	42.34	0.27	42.61
4.04	0.00	4.04	3.85	0.00	3.85
0.00	3,608.95	3,608.95*	0.00	3,119.56	3,119.56*
1.18	0.00	1.18*	0.87	0.00	0.87*
66.37	0.00	66.37*	64.70	0.41	65.11*
13.15	0.08	13.23*	6.45	0.04	6.49*
0.00	368.71	368.71*	0.00	807.38	807.38*
2.64	0.00	2.64*	2.95	0.00	2.95*
4.38	0.00	4.38*	2.56	0.00	2.56*
37.77	0.00	37.77*	31.11	0.00	31.11*
7,842.64	2,982.16	10,824.80	4,418.73	1,253.72	5,672.45
(-)634.05	(-)764.70	(-)1,398.75	(-)610.68	(-)380.53	(-)991.21
72,569.98	**22,128.07**	**94,698.05**	**62,477.23**	**17,927.94**	**80,405.17**

विवरण 5: प्रगामी पूँजीगत व्यय का विवरण

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	वर्णन	2014-15 के दौरान व्यय	2014-15 तक प्रगामी व्यय *	2015-16 के दौरान व्यय	2015-16 तक प्रगामी व्यय *	वृद्धि (+) / कमी (-) प्रतिशत में
1	2	3	4	5	6	7
क-	**सामान्य सेवाओं का पूँजीगत लेखा**					
4047	अन्य राजकोषीय सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	21.69	245.82	26.87	272.69	23.88
4055	पुलिस पर पूँजीगत परिव्यय	219.15	1,715.41	318.20	2,033.61	45.20
4058	लेखन सामगी तथा मुद्रण पर पूँजीगत परिव्यय	0.00	2.46	0.00	2.46	0
4059	लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय	984.66	2,443.36	1,038.23	3,481.59	5.44
4070	अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	523.19	1,676.44	2,233.73	3,910.17	326.94
	जोड़ : क. सामान्य सेवाओं का पूँजीगत लेखा	**1,748.69**	**6,083.49**	**3,617.03**	**9,700.52**	**106.84**
ख-	**सामाजिक सेवाओं का पूँजीगत लेखा**					
(क)	**शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति का पूँजीगत लेखा**					
4202	शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय	263.45	2,606.46	549.82	3,156.28	108.70
	जोड़ - (क)	**263.45**	**2,606.46**	**549.82**	**3,156.28**	**108.70**
(ख)	**स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण का पूँजीगत लेखा**					
4210	चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय	315.77	2,766.53	1,090.75	3,857.28	245.43
4211	परिवार कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय	0.00	35.48	0.00	35.48	0
	जोड़ - (ख)	**315.77**	**2,802.01**	**1,090.75**	**3,892.76**	**245.43**
(ग)	**जलापूर्ति, सफाई, आवास तथा शहरी विकास का पूँजीगत लेखा**					
4215	जलापूर्ति तथा सफाई पर पूँजीगत परिव्यय	885.20	5,338.07	773.47	6,111.54	(-)12.62
4216	आवास पर पूँजीगत परिव्यय	17.74	221.97	50.04	272.01	182.07
4217	शहरी विकास पर पूँजीगत परिव्यय	0.00	150.27	0.00	150.27	0.00
	जोड़ - (ग)	**902.94**	**5,710.31**	**823.51**	**6,533.82**	**(-)8.80**
(घ)	**सूचना तथा प्रसारण का पूँजीगत लेखा**					
4220	सूचना तथा प्रचार पर पूँजीगत परिव्यय	(-)0.08	8.86	(-)0.05	8.81	37.50
	जोड़ - (घ)	**(-)0.08**	**8.86**	**(-)0.05**	**8.81**	**37.50**

विवरण 5: प्रगामी पूँजीगत व्यय का विवरण

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	वर्णन	2014-15 के दौरान व्यय	2014-15 तक प्रगामी व्यय *	2015-16 के दौरान व्यय	2015-16 तक प्रगामी व्यय *	वृद्धि (+) / कमी (-) प्रतिशत में
1	2	3	4	5	6	7
(ङ) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण का पूँजीगत लेखा						
4225	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण का पूँजीगत लेखा	(-)20.63	406.58	18.60	425.18	190.16
जोड़ - (ङ)		**(-)20.63**	**406.58**	**18.60**	**425.18**	**190.16**
(च) समाज कल्याण तथा पोषण का पूँजीगत लेखा						
4235	सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय	30.20	581.97	101.00	682.97	234.44
जोड़ - (च)		**30.20**	**581.97**	**101.00**	**682.97**	**234.44**
(छ) अन्य सामाजिक सेवाओं का पूँजीगत लेखा						
4250	अन्य सामाजिक सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	181.94	449.30	156.85	606.15	(-)13.79
जोड़- (छ)		**181.94**	**449.30**	**156.85**	**606.15**	**(-)13.79**
जोड़ : ख. सामाजिक सेवाओं का पूँजीगत लेखा		**1,673.59**	**12,565.49**	**2,740.48**	**15,305.97**	**63.75**
ग. आर्थिक सेवाओं का पूँजीगत लेखा						
(क) कृषि तथा सम्बद्ध कार्यकलापों का पूँजीगत लेखा						
4401	फसल कृषि-कार्य पर पूँजीगत परिव्यय	48.07	101.72	45.35	147.07	(-)5.66
4402	मृदा तथा जल संरक्षण पर पूँजीगत परिव्यय	0.00	4.30	10.00	14.30	0
4403	पशुपालन पर पूँजीगत परिव्यय	0.00	2.91	0.00	2.91	0
4404	डेरी विकास पर पूँजीगत परिव्यय	0.00	13.81	0.00	13.81	0
4405	मछली पालन पर पूँजीगत परिव्यय	0.00	1.91	0.00	1.91	0
4406	वानिकी तथा वन्य जीव पर पूँजीगत परिव्यय	23.14	73.73	12.67	86.40	(-)45.25
4408	खाद्य, भंडारण तथा भांडागार पर पूँजीगत परिव्यय	88.68	646.12	461.76	1,107.88	420.70
4415	कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा पर पूँजीगत परिव्यय	0.00	0.78	0.00	0.78	0
4425	सहकारिता पर पूँजीगत परिव्यय	24.69	447.56	75.15	522.71	204.37
4435	अन्य कृषि कार्यक्रमों पर पूँजीगत परिव्यय	0.00	26.61	0.00	26.61	0
जोड़ - (क)		**184.58**	**1,319.45**	**604.93**	**1,924.38**	**227.73**

विवरण 5: प्रगामी पूँजीगत व्यय का विवरण

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	वर्णन	2014-15 के दौरान व्यय	2014-15 तक प्रगामी व्यय *	2015-16 के दौरान व्यय	2015-16 तक प्रगामी व्यय *	वृद्धि (+) / कमी (-) प्रतिशत में
1	2	3	4	5	6	7
(ख)	**ग्राम विकास का पूँजीगत लेखा**					
4515	अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूँजीगत परिव्यय	4,647.84	18,995.26	8,012.63	27,007.89	72.39
